font>

Title: Need to run Godavari Express train between Dhule and Kurla via Chalisgaon-Manmad, Mahrashtra- Laid.

श्री रामदास रूपला गावीत (धुले): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र धुले जिले से महाराट्र की राजधानी महानगर मुम्बई जाने के लिए प्रतिदिन जनप्रतिनिधि, सरकार कर्मचारी, व्यापारी जाते हैं तथा धुले जिले में स्थित कई हिन्दु तीर्थ क्षेत्र के दर्शन हेतु तथा तोरणमाल जैसे हिल स्टेशन पर बड़ी संख्या में आने वाले पर्यटकों एवं भक्तगणों एवं धुले रेलवे स्टेशन से जाने वाले पर्यटकों एवं भक्तगणों के लिए दो द्वितीय श्रेणी के सवारी डिब्बे पर्याप्त नहीं हैं।

यदि मनमाड-कुर्ला के बीच चलने वाली गोदावरी एक्सप्रेस को प्रातः समय धुले से चालीसगांव-मनमाड होते हुए कुर्ला चलायी जाये तो मेरे संसदीय क्षेत्र धुले जिले के नागरिकों को काफी सुविधा होगी और इससे रेलवे को आर्थिक लाभ भी होगा।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि जनहित में गोदावरी एक्सपेस को धुले से कुर्ला तक चलाये जाने हेतु आवश्यक निर्देश देने का कट करेंगे।